Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to hike sugarcane procurement price -laid.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): आज देश का किसान बहुत परेशान है । किसानों की आय दोगुनी करने, गन्ने का रेट बढ़ाने, गन्ना खरीद का बकाया भुगतान आदि से संबंधित मुद्दे मैं 7 बार संसद में व 3 बार संसदीय समितियों की बैठकों में उठा चुका हूँ । और 4 बार उ. प्र. व केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रियों को व हाल ही में माननीया वित्त मंत्री जी को भी पत्र लिख चुका हूँ । इस तरह से विभिन्न माध्यमों के द्वारा कुल 15 बार इस विषय को उठा चुका हूँ और आज संसद में 16 वीं बार उठा रहा हूँ ।

मैं सरकार का ध्यान किसानों की गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि अतिशीघ्र गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाने के साथ-साथ अन्य उपजों का भी मूल्य लागत के अनुपात में बढ़ाया जाए । देश की रीढ़ की हड्डी कृषि क्षेत्र मजबूत होगा तो देश की इकोनामी अपने आप मजबूत हो जाएगी ।